उत्तर प्रदेश पीएसी मुख्यालय महानगर लखनऊ-226006
फोन+91-522-2337452, सीयूजी +91-9454400122 फैक्स +91-522-2337453, ईमेल: pac@uppac.net वेब: uppolice.gov.in
पत्र संख्या-पीएसी-II-501(1)2014/637 दिनांक- अप्रैल 11 2014

## स्थायी आदेश संख्या- 11/2014

शहीदो की शहादत के दिवस पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके पीएसी बल गौरवान्वित महसूस करता है एवं नवयुवको में राष्ट्र भावना जागृत करने हेतु पीएसी द्वारा उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों से सम्बन्धित निम्न तिथियों पर नियमित रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करने का निर्णय लिया गया है:-

राष्ट्रीय पर्वों पर सलामी / बैंड अभिवादन कार्यक्रम :-

| क्र | तिथि | अवसर | जनपद | कार्यक्रम करने वाली वाली वाहिनी | व्यवस्था | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | बैण्ड वादन | सलामी गार्द - श्रद्धांजलि |
| 1 | 23 जनवरी | क्रान्तिकारी नेताजी सुभाष चन्द बोस जयन्ती | लखनऊ. शहीद स्मारक | 35वीं वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 2 | 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस | समस्त वाहिनी | समस्त वाहिनी | √ | |
| 3 | 30 जनवरी | शहीद दिवस | समस्त वाहिनी | समस्त वाहिनी | √ | |
| 4 | 27 फरवरी | क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद की शहीदी दिवस | इलाहाबाद. चन्द्रशेखर आजाद स्मारक | चतुर्थ वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 5 | 23 मार्च | क्रान्तिकारी शहीद भगत सिंह,राजगुरू, सुखदेव का शहीद दिवस. | लखनऊ. शहीद स्मारक | 35 वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 6 | 08 अप्रैल | क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय शहीद दिवस | मेरठ. मंगल पाण्डेय स्मारक | छठी वाहिनी आरआरएफ,मेरठ | √ | √ |
| 7 | 13अप्रैल | जलियां बाला बाग कांड | लखनऊ . शहीद स्मारक | 35वी वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 8 | 18 अप्रैल | तात्या टोपे का शहीद दिवस | कानपुर | 37वीं वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 9 | 10 मई | 1857 की क्रान्ति का दिनाक | मेरठ | छठी वाहिनी आरआरएफ,मेरठ | √ | |
| 10 | 18 जून | रानी लक्ष्मी बाई शहीद दिवस | झांसी | 33वीं वाहिनी | √ | √ |
| 11 | 23जुलाई | क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद जयन्ती | उन्नाव | 37वीं पीएसी | √ | √ |
| 12 | 15अगस्त | स्वतंत्रता दिवस | समस्त वाहिनी | समस्त वाहिनी | √ | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 02अक्टूबर | गाँधी जयन्ती | समस्त वाहिनी | समस्त वाहिनी | √ | |
| 14 | 19नवम्बर | रानी लक्ष्मी बाई का जन्मदिवस | झांसी/वाराणसी | 33वीं /36वीं वाहिनी | √ | |
| 15 | 10दिसम्बर | मानवाधिकार दिवस | समस्त वाहिनी | 35वी वाहिनी पीएसी | √ | |
| 16 | 17दिसम्बर | क्रांतिकारी राजेन्द्र लाहिडी शहीदी दिवस | गोण्डा/वाराणसी | 30वीं/36वीं वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 17 | 19दिसम्बर | क्रान्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल शहीदी दिवस | गोरखपुर | 26वीं वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 18 | 19दिसम्बर | क्रान्तिकारी अशफाक उल्ला खाँ शहीदी दिवस | लखनऊ शहीद स्मारक | 35वीं वाहिनी पीएसी | √ | √ |
| 19 | 19दिसम्बर | क्रान्तिकारी रोशन सिंह का शहीदी दिवस | इलाहाबाद | चतुर्थ वाहिनी पीएसी | √ | √ |

2- अतएव उपरोक्त सभी अवसरों पर समय तथा स्थल जैसे शहीद स्मारक , मुख्य पार्क गांधी प्रतिमा या अन्य उपयुक्त, परिस्थिति अनुसार, सेनानायक द्वारा निर्धारित कर कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में अनुशासन व शालीनता बनाये रखना नितान्त आवश्यक है।

3- प्रत्येक वर्ष उक्त तिथियों पर नियमित रूप से महत्वपूर्ण स्थलों पर समय की सुविधानुसार एक कम्पनी कमाण्डर अथवा एक प्लाटून कमाण्डर द्वारा सेरेमोनियल ड्रेस में सलामी गार्द दी जायेगी। सलामी गार्द सेनानायक/उप सेनानायक के पर्यवेक्षण में की जायेगी। यथास्थिति पुष्पांजलि/श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरान्त देशभक्ति गीतों की धुनों पर आधारित बैण्डवादन/बैण्ड प्रदर्शन होगा। बैण्डवादन/प्रदर्शन का समय 30 मिनट से 45 मिनट या यथास्थिति अवसर के अनुसार किया जायेगा।

(रंजन द्विवेदी)
पुलिस महानिदेशक पीएसी,
उ0प्र0 लखनऊ।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन्स, उ0प्र0।
2- समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, उ0प्र0।
3- समस्त सेनानायक, पीएसी वाहिनियां उ0प्र0।
4- जिलाधिकारी, जनपद-लखनऊ/इलाहाबाद/मेरठ/ कानपुर/ झांसी/ उन्नाव/ गोण्डा/ गोरखपुर।
5- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद लखनऊ/इलाहाबाद/मेरठ/ कानपुर/ झांसी/ उन्नाव/गोण्डा/गोरखपुर।
6- दलनायक नियंत्रण कक्ष, उ0प्र0 पीएसी मुख्यालय लखनऊ।